तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 30 दिसंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी ...



12 सेवा, प्रेम और समर्पण से ही मानव जीवन होता है ...



## खबर संक्षेप

### बिरझुली में मड़ई मेला 31 को

**मगरलोड।** ग्राम बिरझुली में ग्रामवासियों के सहयोग से 31 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए प्रेम सुमन छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम सुवर बोर्ड मानपुर मोहल्ला अंबागढ़ चौकी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि रामायण सिन्हा ने दी है।

### सिरौदखुर्द में मानसगान प्रतियोगिता 31 से

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम सिरौदखुर्द (कुकरेल) में ग्रामवासियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसम्बर से 2 जनवरी शुक्रवार तक रखा गया है। यह जानकारी ग्राम प्रमुख अजय यादव, चन्द्रहास साहू, नीलमणि, हरिओम ने दी।

### परसापानी में आज होगा मड़ई मेला का आयोजन

**नगरी।** ग्राम पंचायत परसापानी में आज मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध भूले बिसरे नाचा पार्टी मोंगरापाली (महासमुंद) द्वारा लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम व विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य उमेश देव, पुष्पा ध्रुव होंगे। ग्राम व्यवस्था समिति परसापानी के अध्यक्ष डीपी ग्वाल ने बताया कि मेला ग्रामीण संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह जानकारी ग्राम पटेल दिनेश साहू ने दी।

### चिंवरी में मड़ई 1 को, चिन्हारी लोक मंजीरा की होगी प्रस्तुति

**सिर्री।** ग्राम चिंवरी में ग्रामवासियों के सहयोग से 1 जनवरी गुरुवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। मनोरंजन के लिए रात्रि में सुप्रसिद्ध लोक गायिका पायल साहू के चिन्हारी लोक मंजीरा की प्रस्तुति होगी। मंच संचालन चंद्रहास साहू करेंगे। यह जानकारी संजीत साहू सरपंच, तेजू साहू, महेश, प्रीतम, तोरण, गुरु ने दी।



### संस्कार महोत्सव एवं युवा अभ्युदय 1 को

**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव में गायत्री प्रज्ञा मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 1 जनवरी को शक्ति संवर्धन 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से दीक्षा संस्कार, विद्यारंभ संस्कार एवं पुंसवन संस्कार प्रातः 9 से 1:30 बजे तक एवं युवा अभ्युदय छात्रों के लिए होगा। दोपहर 2 से 4 बजे तक होगा। मुख्य वक्ता मनीष सिंह चिप को-ऑर्डिनेटर दिव्या दिल्ली होंगे। राष्ट्र जागरण दीप महायज्ञ संध्या 5 से 7:30 बजे तक होगा।

### सियादेही में मड़ई 4 को

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्रामवासियों के सहयोग से सियादेही में 4 जनवरी को मड़ई रखी गई है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी बलीराम नेताम ग्रामीण अध्यक्ष ने दी है।

### मोतिमपुर में मड़ई 10 जनवरी को

**मगरलोड।** ग्राम मोतिमपुर में 10 जनवरी शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मोर चिरैया के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा कुलिया कनेरी बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि हेमलाल साहू ने दी है।

प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

# मैदानी अमले को आधार आधारित उपस्थिति से मुक्त रखने की मांग

- 7 दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने आधार आधारित उपस्थिति समेत 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर के नाम सौंपा है। सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचे संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बताया कि जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की मांगों के आधार पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धमतरी को निर्देशित किया गया है कि संघ की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। पांच माह बीतने के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश है।

परामर्शदात्री बैठक में संघ ने आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली को कार्यालयीन कर्मचारियों के लिए अनिवार्य करते हुए मैदानी स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारियों को मुक्त रखने की मांग की थी। मैदानी स्वस्थ्य अधिकारी, कर्मचारी 24x7 के तहत कार्य करते हैं, जिन्हें संध्या 5 बजे के बाद उपस्थिति समाप्त होने पर बाध्य किया जाना न्याय संगत नहीं है। बाध्यता की स्थिति में आमजनों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। मैदानी अमला हमेशा फील्ड में काम करता है। महामारी, आपातकालीन सेवा, प्रसव, एपेंडेनिक आदि का सामना करके आमजनों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश सरकार ने सन 2022 में द्वितीय एवं तृतीय शनिवार की भांति सभी शनिवार को अवकाश घोषित किया है। मैदानी स्वास्थ्य अमला को कार्यालयीन कर्मचारी मानते हुए आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली लागू करने पर उन्हें भी सभी शनिवार को अवकाश दिया जाना चाहिए।

संघ ने मांग की है कि विकासखंड चिकित्साधिकारी को कार्यालय प्रमुख घोषित कर समस्त प्रकार के खण्ड स्तरीय अधिकार प्रदान किया जाए। स्वास्थ्य विभाग के लिपिकों के मध्य पद अनुरूप एवं वरिष्ठता के आधार पर कार्य विभाजन किया जाए। गैर लिपिक संवर्ग से लिपिकीय कार्य नहीं कराया जाए। कार्यालयीन कार्य को बेहतर करने समयावधि में शाखा परिवर्तन किया जाए। जिले के अधीनस्थ संविदा कर्मचारियों को नियम विरूद्ध आवास आबंटन किया गया है जिसके कारण आपातकालीन चिकित्सकीय अधिकारी कर्मचारियों को किराये के मकान में रहकर ड्यूटी करनी पड़ रही है। संविदा अधिकारी, कर्मचारी से बाजार दर पर किराये की वसूली की जाए या आबंटन निरस्त करते हुए नियमित अधिकारी, कर्मचारियों को आवास आबंटन किया जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एमबीबीएस चिकित्साधिकरियों को वित्तीय एवं भौतिक प्रभार देने की मांग की है। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार नारंग सहित अन्य सदस्यों ने कहा है कि उपरोक्त मुद्दों पर 7 दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं किए जाने पर संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

# सरकारी कर्मचारी आंदोलन में, दफ्तरों में सन्नाटा

- जाति प्रमाण-पत्र, दस्तावेज में सुधार, रजिस्ट्री सहित अन्य कार्यों के लिए लोग भटकते रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अधिकारी कर्मचारी तीन दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। इससे तहसील कार्यालय से लेकर कलेक्टोरेट तक सभी विभागों में बंद जैसी स्थिति रही। जाति प्रमाण-पत्र, जमीन के दस्तावेज में सुधार, रजिस्ट्री सहित अन्य कार्यों के लिए लोग भटकते रहे।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के बैनरतले पूरे प्रदेश के सरकारी अधिकारी अधिकारी और कर्मचारी सोमवार से तीन दिवसीय आंदोलन पर चले गए हैं। गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन करते हुए आंदोलनकारी कर्मचारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा के घोषणा पत्र को मोदी की गारंटी के रूप पेश करते हुए कर्मचारियों के हित में 11 प्रकार की घोषणा की गई थी। इसके लिए शपथपत्र भी जारी किया गया था। भाजपा शासन के दो साल पूरे होने के बाद भी मोदी की गारंटी पूरी नहीं की गई है। वादों को याद दिलाने और उनकी पूर्ति करने के लिए यह तीन दिवसीय आंदोलन किया जा रहा है। छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर, महासचिव अमित महोबे, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि यदि शासन द्वारा उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाएंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला सहसंयोजक दयालुराम साहू, जिला प्रवक्ता खुमान सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष ▸▸ शेष पेज 10 पर

### आपातकालीन सेवाओं को मुक्त रखा गया

अधिकारी कर्मचारियों के आंदोलन से सरकारी दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा। तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, कलेक्टोरेट सहित सभी सरकारी दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा। जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र , रजिस्ट्री और अन्य विधिक कार्य, राजस्व मामलों की सुनवाई, स्कूलों में प्रशासनिक कार्य प्रभावित रहे। आम जनता की सहूलियत को देखते हुए आपातकालीन सेवाओं को मुक्त रखा गया है। अस्पताल, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और साफ-सफाई से जुड़ी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से जारी रही।

### पूरा सप्ताह रहेगा असर

आंदोलन तो 29, 30 और 31 दिसंबर को है, लेकिन पूरा सप्ताह सरकारी काम-काज प्रभावित रह सकता है। इस दौरान लोगों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। जानकारी के अनुसार आंदोलन के बाद 1 जनवरी को नए साल का जश्न में लोग डूबे रहेंगे। सिर्फ 2 जनवरी को शुक्रवार को दफ्तरों में ठीकठाक काम हो सकता है। इसके बाद शनिवार और रविवार की छुट्टी रहेगी। सोमवार से ही कामकाज फ्लो में आएगा।

# श्रद्धा, भक्ति का दिखा अनोखा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- महिला ने लेटकर किया रूद्रेश्वर मंदिर तक सफर



रूद्री रोड में भक्ति का अनोखा नजारा देखने को मिला, जहां एक महिला ने मनोकामना पूरी होने पर दानीटोला शीतला मंदिर से रूद्रेश्वर मंदिर तक लेटते हुए सफर किया। सुबह 6 बजे से निकली महिला को करीब 6 किमी सफर पूरा करने में पूरा दिन बीत गया।

बेलतरा निवासी अनिता ध्रुव और पति कन्हैया करीब पांच साल से अलग -अलग रह रहे थे। अनिता ने बताया कि उसने मन्नत मांगी थी कि पति से दोबारा मेल होने पर वह लेटते हुए रूद्रेश्वर महादेव के मंदिर आएगी। उसकी मन्नत पूरी हुई। मन्नत पूरी होने पर उसने सोमवार को रुद्रेश्वर महादेव मंदिर के लिए सफर शुरू किया। उसका यह सफर सुबह 6 बजे शीतला मंदिर दानीटोला से शुरू हुआ। पूरे सफर में उसने हाथों में दो नारियल रखे थे। जमीन पर लेटकर वह नारियल को फेंकती थी, जहां तक नारियल जाता वहां पर फिर से लेटकर भगवान को प्रणाम करती और नारियल को आगे फेंक देती थी। यह सिलसिला रूद्रेश्वर मंदिर तक चलता रहा। उनकी इस कड़ी तपस्या को देखकर लोगों के मन में भी श्रद्धा भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा।

# सामूहिक भोज करने गए युवक पर चाकू से हमला

- चप्पल बदलने के मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





एक सामूहिक भोज के दौरान चप्पल बदलने के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। इस घटना में 2 युवकों ने मिलकर एक युवक पर चाकू से हमला किया। पहले उसकी जमकर पिटाई की गई। फिर चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए कुरूद अस्पताल ले जाया गया। घटना 27 दिसंबर की बताई जा रही है जहां धमतरी जिले के कुरुद थाना अंतर्गत जोरातराई (नवीन) गांव में रामायण पाठ समारोह के बाद आयोजित सामूहिक भोज के दौरान हुई। 22 वर्षीय मेहुल निषाद ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। भोज के बाद मेहुल की चप्पल बदल गई। किसी ने उसकी चप्पल पहन ली थी और उसने भी गलती से किसी और की चप्पल पहन ली।

कुरूद टीआई चंद्रकांत साहू ने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर कर ली गई है, जिनमें से एक नाबालिग है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। घायल मेहुल को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

### इस विवाद में एक नाबालिग भी शामिल

कुछ समय बाद दो युवक अपनी चप्पल ढूंढते हुए आए। मेहुल के पैरों में अपनी चप्पल देखकर उससे भिड़ गए। इस विवाद में एक नाबालिग भी शामिल था। विवाद बढ़ा और दोनों युवकों ने मेहुल से मारपीट की। इसके बाद उन्होंने चाकू से उस पर वार किया और वहां से भाग निकले। आसपास मौजूद लोगों ने घायल मेहुल को कुरूद अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज कराया गया।

# पीएससी की तैयारी कर रहे छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत

- कानापोड के पास हुआ हादसा

**धमतरी।** पीएससी परीक्षा की तैयारी कर बाइक सवार छात्र को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में छात्र की मौत हो गई ।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार एमन कुमार मंडावी पिता दुर्योधन सिंह उम्र 23 वर्ष ग्राम कोपरा थाना चारामा निवासी बिलासपुर के कोचिंग सेन्टर में पीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। मड़ई मेला सीजन में युवक इन दिनों अपने गांव कोपरा आया था। रविवार को युवक मोटरसाइकिल से ग्राम लखनपुरी का मेला देखने गया था। शाम को युवक मेला देखकर बाइक से वापस अपने घर कोपरा लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन के चालक ने ग्राम लखनपुरी व ग्राम कानापोड के बीच बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद आरोपी चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। वाहन की ठोकर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चारामा अस्पताल ले जाया गया। जहां गंभीर हालत के चलते रिफर करने पर घायल को धमतरी लाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में घायल की मौत हो गई। रूद्री रोड स्थित श्रीराम अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# कोसमर्रा में अवैध शराब से उपजा तनाव

- ग्रामीणों ने 10 जनवरी को चक्काजाम की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भखारा थानांतर्गत ग्राम कोसमर्रा के ग्रामीणों ने भखारा थाना तथा नगर सैनिक द्वारा शराब बिकवाने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर गांव में शांति बहाल करने की मांग की है।

ग्राम पंचायत कोसमर्रा के सरपंच के. साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रामप्रसाद, महिला कमांडो अध्यक्ष पद्मनी साहू सहित ग्रामीणों ने पुलिस महानिदेशक रायपुर तथा एसपी के नाम कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि कोसमर्रा के जनप्रतिनिधि एवं पुलिस विभाग थाना भखारा ने गांव में बैठक कर नशामुक्त ग्राम बनाने 1 जुलाई 2025 को महिला कमांडो का गठन किया। बैठक के बाद गांव में शाति का माहौल था लेकिन स्थानीय नगर सैनिकों द्वारा गांव के पूर्व शराब कोचियों को सक्रिय कर शराब बेचवाई जा रही है। पूर्व के तीन शराब कोचियों की नामजद शिकायत कर कहा है कि इससे गांव में कभी भी संगीन अपराध घटित हो सकती है।

पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम विकास समिति तथा महिला कमांडो एवं ग्रामीणों ने इस संबंध में बैठक बुलाई थी, जिसमें आरोपियों ने आने से मना कर दिया। इससे गांव में भारी आक्रोश है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर 10 जनवरी को बस स्टैंड कोसमर्रा में ग्रामीण चक्काजाम करेंगे जिसकी समस्त जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# शराब दुकानों की हुई सघन जांच, नहीं मिली कोई गड़बड़ी

- देशी शराब दुकानों में मानक स्तर पर मिली शराब, निर्धारित दर पर हो रही बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शिकायत के बाद आबकारी विभाग ने शराब दुकानों की जांच की। जांच में कहीं भी गड़बड़ी नहीं मिली। आबकारी विभाग ने बताया कि शराब दुकानों की नियमित जांच एवं निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मिलावट या अवैध मदिरा विक्रय पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को शराब में मिलावट को लेकर युवक कांग्रेस ने प्रदर्शन किया था। दुकानों में जाकर जांच भी की। इसी तारतम्य में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आबकारी विभाग को शराब दुकानों की जांच करने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग द्वारा धमतरी शहर अंतर्गत देशी मदिरा दुकानों की सघन जांच कराई गई। आबकारी उप निरीक्षक वृत्त धमतरी शहर द्वारा देशी मदिरा दुकान सोरम, हटकेश्वर, दानीटोला एवं धमतरी में देशी मदिरा प्लेन एवं मसाला मदिरा की सघन जांच की गई। आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार जांच के दौरान सभी दुकानों में उपलब्ध देशी मदिरा प्लेन एवं मसाला मदिरा में किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं पाई गई। मदिरा शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं अनुपात के अनुरूप पाई गई। इसके साथ ही मदिरा का विक्रय शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही किया जाना भी पाया गया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जिले में मदिरा विक्रय व्यवस्था को लेकर शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। आमजनों के स्वास्थ्य एवं हितों को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग द्वारा नियमित जांच एवं निगरानी की जा रही है।

एसपी ने ली पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# नववर्ष व मड़ई-मेला को लेकर पुलिस अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी ने मड़ई-मेला, 31 दिसम्बर व नववर्ष को लेकर पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विशेष निर्देश दिए।

बैठक में वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने संबंधी महत्वपूर्ण बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान एसपी सूरज सिंह परिहार ने स्पष्ट किया कि त्योहारों एवं समारोह के दौरान भीड़-भाड़ बढ़ने के कारण असामाजिक एवं शरारती तत्वों द्वारा कानून व्यवस्था प्रभावित करने की संभावनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क एवं तैयार रहे। एसपी ने थाना प्रभारियों को संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था, सादी वर्दी में पुलिस की तैनाती एवं गश्त व पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही साम्प्रदायिक सौहार्द्र एवं सामाजिक सद्भाव को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। ज्ञात बदमाशों व उपद्रवी प्रवृत्ति के लोगों का पुनरीक्षण, उनके खिलाफ आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस के राजपत्रित अधिकारी, थाना, चौकी व साइबर प्रभारी सहित अन्य प्रभारी मौजूद थे।

### नववर्ष पर यातायात की तगड़ी व्यवस्था

नववर्ष के दौरान होटलों, लॉज, ढाबों, रेस्टोरेंट एवं फार्म हाऊस में भीड़ एकत्रित होने की संभावना को देखते हुए ब्रीथ एनलाइजर से जांच, ओव्हर स्पीड, स्टंट, बिना नंबर प्लेट, तेज ध्वनि वाले साउण्ड सिस्टम पर कार्रवाई, ड्रंक एण्ड ड्राइव पर सख्त रोक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने स्पष्ट किया कि कोलाहल अधिनियम एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन अनिवार्य रहेगा। आयोजन स्थलों की विशेष निगरानी की जाएगी।

पुलिस ने नागरिकों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने, नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करने तथा शांति व सौहार्द्र के साथ नववर्ष मनाने की अपील की है।

# फिजिक्स की प्रायोगिक परीक्षा 31 दिसंबर को

**धमतरी।** कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद नगर में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के बीएससी प्रथम सेमेस्टर की फिजिक्स मैकेनिक्स की प्रायोगिक परीक्षा 31दिसंबर बुधवार को प्रातः 8:30 बजे से आयोजित होगी। डॉ आशीष नामदेव ने बताया कि सभी छात्र-छात्राएं अनिवार्य रूप से कॉम्पटेक कॉलेज में प्रवेश-पत्र एवं प्रायोगिक परीक्षा की कॉपी के साथ नियत समय पर उपस्थित हों।

## खबर संक्षेप

### अटल स्मृति दिवस आज

**नगरी।** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में अटल स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 30 दिसंबर को दोपहर 1 बजे गांधी चौक सांकरा में होगा। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, विधानसभा प्रभारी शालिनी राजपूत, सरला जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस होंगे। कार्यक्रम में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया जाएगा तथा उनके विचारों और आदर्शों पर प्रकाश डाला जाएगा।

## निधन

### प्रतिभा जगताप



**धमतरी।** श्रीमती प्रतिभा (बेबी) जगताप पति विजय राव जगताप का आकस्मिक निधन हो गया। वे विक्रम जगताप की माता एवं प्रदीप पवार, प्रकाश पवार, बॉबी पवार की बहन थीं। उनकी अंतिम यात्रा 29 दिसम्बर दोपहर 3 बजे निवास स्थान मराठापारा से शांतिघाट के लिए निकली।

### मानकुंवर साहू



**अंवरी।** ग्राम बोरझरा के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता टेमनलाल साहू की मां मानकुंवर साहू 91 वर्ष का 29 दिसम्बर को निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि बोरझरा स्थित मुक्तिधाम में हुई। उनके निधन पर ओमप्रकाश साहू, मुकेश साहू, उमेश साहू सहित अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सरकारी कर्मचारी आंदोलन पर, दफ्तरों में सन्नाटा

एनआर टंडन, शेरखान, वासुदेव भाई, सुमति साहू, ममता खालसा, गौरी गुप्ता, आनंदप्रसाद साहू, टीआर नागवंशी, हरीश सिन्हा, बृजेश साहू, एनके साहू, हर्षल मोहिते, डीएन साहू, गिरीश कुमार सोनी, दीपक ठाकुर, अजय पांडे, जितेंद्र नेताम, संदीप राव, डॉ अमित नागेश, डॉ मयंक पटेल, वरूण साहू, दीपक सहारे, कृपाराम साहू, अनमोल रत्न पाईक, नमिता तिवारी, शिखा श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।


**न्यायालय तहसीलदार भखारा के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202512132300016/**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**

विषयः- अ-74 सनः- 2025-2026
भखारा प.ह.न. 00018 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- महालक्ष्मी इन्फ्रा द्वारा भागीदार नीतिन कुमार राठी, मनीष कुमार जैन.
अनावेदक पक्षकार -

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महालक्ष्मी इन्फ्रा द्वारा भागीदार नीतिन कुमार राठी पिता श्री घेवरचंद राठी एवं मनीष कुमार जैन पिता रवरतन जी जैन निवासी अभनपुर तहसील व जिला रायपुर कास्तकार भखारा तहसील भखारा जिला धमतरी द्वारा नामांतरण वास्ते ग्राम भखारा स्थित भूमि खसरा नं. 423/5, 423/2, 423/3, 423/6, 423/7, 423/8 रकबा क्रमशः 0.130, 0.040, 0.040, 0.360, 0.130, 0.100 हे., आदित्य मालू पिता राजेश मालू के नाम पर, खसरा नं. 424/8, 423/4, 423/1, रकबा क्रमशः 0.010, 0.350, 0.040 हे. राकेश गोलछा पिता मदन लाल गोलछा के नाम पर खसरा नं. 424/7, 424/13, 424/15 रकबा क्रमशः 0.030, 0.079, 0.110 हे. ज्योति राठी पति नीतिन राठी के नाम पर, खसरा नं. 424/2 रकबा 0.179 हे. विभा गढिया पति शशि गढिया के नाम पर, खसरा नं. 424/16 रकबा 0.141 हे. शशि गढिया पिता गोपाल गढ़िया के नाम पर, खसरा नं.424/11 रकबा 0.101 हे, नितिन राठी पिता घेवरचंद राठी के नाम, खसरा नं. 424/9 रकबा 0.180 हे. डिम्पल जैन पति प्रशांत जैन के नाम पर खसरा नं. 415/6, 415,7 रकबा क्रमशः 0.360, 0.440 हे. ओमप्रकाश नाहर पिता चांदमल नाहर के नाम पर, खसरा नं. 514/8 रकबा 0.340 हे. भरत नाहर पिता मानकलाल नाहर के नाम पर, खसरा नं. 740/2 रकबा 0.310 हे. मनीष जैन एवं शशि के नाम पर खसरा नं. 741/4 रकबा 0.097 हे. परिवर्तित भूमि मनीष जैन एवं शशि के नाम पर, खसरा नं. 740/3 रकबा 0.110 हे. मनीष जैन पिता रवरतन जी जैन के नाम पर दर्ज है। सहखातेदार उपरोक्त भूमि को महालक्ष्मी इन्फ्रा द्वारा भागीदार नीतिन कुमार राठी पिता घेवरचंद राठी एवं मनीष कुमार जैन पिता नवरतन जैन अन्य 9 के नाम पर ग्राम भखारा तहसील भखारा स्थित भूमि को उप पंजीयक कार्यालय कुरूद समक्ष दिनांक 16/12/2025 को फर्म के नाम पर रजिस्टर्ड किया गया है। पंजीकृत फर्म बैनामा के आधार पर उपरोक्त भूमि को नामांतरण किए जाने आवेदन पत्र बैनामा की प्रति न्यायालय मे पेश किया है ।

अतः आवेदक महालक्ष्मी इन्फ्रा द्वारा भागीदारी नीतिन राठी वगैरह के आवेदन पत्र के सबंध मे जिस किसी व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 02.01.2026 के पूर्व स्वत या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**BHUPESH KUMAR CHANDRAKAR**
**तहसीलदार, भखारा**


### स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की पहल दो वर्षों से ठप

# सोंढूर जलाशय में नौका विहार बंद पर्यटक मायूस होकर लौट रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोंढूर जलाशय में संचालित नौका विहार (पैडल बोट) सुविधा बीते करीब दो वर्षों से बंद पड़ी हुई है। इससे न केवल स्थानीय लोगों में नाराजगी है, बल्कि दूर-दराज से आने वाले सैलानी भी निराश होकर लौटने को मजबूर हो रहे हैं।

ज्ञात हो कि वर्ष 2023 में सोंढूर जलाशय में नौका विहार का शुभारंभ तत्कालीन विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, कलेक्टर पीएस एल्मा एवं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के निदेशक वरुण जैन द्वारा किया गया था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देना तथा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना था।

नौका विहार के संचालन से ग्राम मेचका, बरपदर, बेलरबाहरा सहित आसपास के गांवों के युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिला था। सैलानी प्राकृतिक सौंदर्य के बीच नौकायन का आनंद उठाते थे, जिससे क्षेत्र की पहचान एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बनने लगी थी। लेकिन बीते दो वर्षों से यह सुविधा पूर्णतः बंद पड़ी है। हालात ऐसे हैं कि नववर्ष एवं छुट्टियों के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचने के बावजूद निराश होकर लौट रहे हैं। इससे न केवल पर्यटन प्रभावित हो रहा है, बल्कि स्थानीय युवाओं के रोजगार के अवसर भी समाप्त हो गए हैं। तीन माह पूर्व सरपंच जीवन नाग, डीके यादव, ओशित, उपसरपंच परमात्मा कुंजाम, गया मांझी सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नौका विहार, ईको पार्क आकर्षण बनाने को पुनः प्रारंभ करने की मांग की थी। साथ ही मुचकुंद ऋषि पहाड़ को पर्यटन के रूप में विकसित करने की मांग की थी। साथ ही वन विभाग से भी आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है।



3 माह पहले ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर प्रारंभ करने की मांग की थी



बांध किनारे नौका विहार की नाव लावारिस हालत में पड़ी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते नौका विहार पुनः शुरू कर दिया जाए तो इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि क्षेत्र के युवाओं को स्थायी रोजगार भी मिल सकेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेकर सोंढूर जलाशय को पुनः पर्यटन मानचित्र पर सक्रिय किया जाए, ताकि क्षेत्र की उम्मीदों को नया संबल मिल सके।

मांग करने वालों में पर्यटन समिति अध्यक्ष गयासिंह मांझी, उपाध्यक्ष घनश्याम नेताम, सचिव कैलाश साहू, सरपंच जीवनलाल नाग मेचका, संतोष ठाकुर, कपिलदास वैष्णव, हरिराम साहू, शिवरात्रि बाई जालेश, माहेश्वरी मरकाम, बिशरीदेवी मरकाम, मानो भाई नागेश, खोगेश्वर धुर्वा, नरेंद्र नेताम, जोहानसिंह नेताम, ओशित कौशल, राजेश कपिल, इंद्रकुमार नेताम, प्रताप यादव शामिल हैं। सीतानदी अभ्यारण के एसडीओ राजपूत ने बताया कि गांव में समिति बनाकर पुनः इसे चालू किया जायेगा। जल्द ही लोगों को नौका विहार का आनंद लेने का मौका मिलेगा।

## पूर्व छात्र सम्मेलन में जुटे 70 छात्र, साझा किया अनुभव

- श्रृंगी ऋषि विद्यालय नगरी में 1998 बैच का एलुमनी मीट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



पीएमश्री शासकीय श्रृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में श्रृंगी ऋषि प्रयास 1998 बैच द्वारा पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह एलुमनी मीट 2.0 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम थी। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार प्रजापति ने की। विशेष अतिथि 1957-58 सेवानिवृत्त प्रधानपाठक परसादीराम चंद्रवंशी एवं नगर पंचायत नगरी की वरिष्ठ नागरिक प्रतिमा देवांगन थीं। कार्यक्रम में देश के विभिन्न स्थानों जैसे बालाघाट, हैदराबाद, श्रीनगर, रायपुर, गरियाबंद, धमतरी, दुर्ग तथा नगरी से कुल 70 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। पूर्व छात्र-छात्राओं ने इस दौरान अपने-अपने अनुभव साझा करने के साथ ही गीत-संगीत एवं खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम ने कहा कि गर्व की बात है कि इस संस्था से उत्तीर्ण छात्र शिक्षक, चिकित्सक, वैज्ञानिक, रेंजर, पुलिस सेवा, इंजीनियर एवं विभिन्न क्षेत्रों में सफल व्यवसायी बन विद्यालय एवं देश का नाम रोशन कर रहे हैं। छात्रों की मांग पर विद्यालय में बंद कृषि एवं कला संकाय को पुनः संचालित करने की बात कही।

### मुजगहन में मड़ई आज

**धमतरी।** ग्राम मुजगहन में 30 दिसम्बर को परंपरागत रूप से मड़ई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर दिनभर सांस्कृतिक गतिविधियां संपन्न होंगी। शाम को सांस्कृतिक दल राग अनुराग कला मंच दुर्ग की प्रस्तुति होगी।

### बिरेझर में घासीदास जयंती पर मड़ई आज

**जीजामगांव।** ग्राम बिरेझर में इस वर्ष भी सतनामी समाज के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 269 वीं जयंती पर 30 दिसंबर मंगलवार को मड़ई का आयोजन होगा। रात्रि में मनोरंजन के लिए अंजोरी रात पंचराम बिरझा का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सतनामी समाज के अध्यक्ष बुधारू गहिवारे ने दी है।

## पेसा अधिनियम के सफल क्रियान्वयन का अध्ययन करने सांकरा पहुंची केंद्रीय टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

भारत सरकार के जनजाति कल्याण विभाग एवं छत्तीसगढ़ शासन की जनजाति सलाहकार परिषद द्वारा अनुसूचित क्षेत्र विस्तार अधिनियम 2022 (पेसा) के क्रियान्वयन एवं अध्ययन के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सांकरा में अध्ययन भ्रमण किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत को चार भागों में टोली बनाकर अध्ययन किया गया। अध्ययन भ्रमण में भारत सरकार की टीम के साथ दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के वनवासी कल्याण संगठन के प्रतिनिधि तथा पेसा से संबंधित जिला स्तरीय सदस्य उपस्थित थे। सांकरा में पेसा अधिनियम के संचालन की जानकारी ग्रामसभा अध्यक्ष सती मरकाम एवं ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर भंडारी द्वारा टीम को दी गई।

इस अवसर पर सरपंच नागेन्द्र बोरझा सहित पंचगणों तथा पेसा की ग्राम स्तरीय समिति, संसाधन प्रबंधन समिति एवं शांति व न्याय समिति के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। ग्राम सभा अध्यक्ष सती मरकाम ने पेसा अधिनियम के अध्ययन हेतु शासन द्वारा सांकरा को चयनित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।





कार्यक्रम में जनजाति सलाहकार परिषद छत्तीसगढ़ के कृष्णा कुमार वैष्णव, जनजाति सुरक्षा मंच प्रमुख सुबोध पांडे, पंचायती राज मंत्रालय के सलाहकार पंकज पांडेय नई दिल्ली, मिलिन खेती पुणे नासिक, महाराष्ट्र, संकाय सदस्य अशोक जायसवाल निमोरा सहित सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर जिलों के वनवासी कल्याण संगठन के सदस्य उपस्थित थे। अध्ययन भ्रमण के दौरान ग्राम स्तर पर पेसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्राम सभा की भूमिका एवं जनभागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

## बुड़ेनी के कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का ग्राम पंचायत बुड़ेनी में श्याम साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष मगरलोड के निवास पर किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों को गंभीरता से सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सहभागिता, स्वच्छता अभियान, आत्मनिर्भर भारत, युवा शक्ति, महिला सशक्तिकरण तथा भारतीय संस्कृति और मूल्यों पर विचार रखे। उन्होंने जनभागीदारी को देश की प्रगति का मूल आधार बताते हुए नागरिकों से सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बीरेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड, डागेश्वर सोनकर, प्रीतराम देवांगन भाजपा मंडल महामंत्री, खेमूराम साहू सरपंच, हेमंत साहू, देवचरण साहू सरपंच चन्द्रसुर, हृदयराम साहू, ललित देशमुख, रमेश देवांगन बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद सभी लोगों ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने एवं उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## अंचल की खबरें

### करेली बड़ी में सुशासन दिवस मनाया गया



**मगरलोड।** उपतहसील करेली बड़ी के अटल चौकमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों द्वारा मनाया गया। अटलजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। मुख्य वक्ता पूर्व प्रधानपाठक सुखीराम साहू ने अटलजी को छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माता, देशभक्त, ओजस्वी वक्ता, कवि बताया तथा उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रामदयाल साहू, मुकेश सिन्हा, भोजराम साहू, पंचगण कुलेश्वर सिन्हा, दयालुराम साहू, दुलरवा साहू, गौतम साहू, जीतेश्वर साहू, बूथ अध्यक्ष भुनूराम निषाद, सुरेश साहू, संतोष साहू, बाबूलाल साहू, झुमुक साहू, सियाराम साहू, खुमान साहू, देवराज साहू, किशोर साहू, झम्मन साहू उपस्थित थे।

### भैंसमुंडी में मनाई अटल बिहारी की जयंती



**सिर्री।** ग्राम भैंसमुंडी के अटल चौक में भारतरत्न अटल बिहारी का जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल ने कहा कि अटलबिहारी ने 6 अप्रैल 1980 के भाजपा के सम्मेलन में कहा था कि अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। आज उनके इस सपने को साकार करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार केंद्र में तीन बार भाजपा की सरकार बनी हुई है। अटलजी ने संसद में कहा था कि देश बचाना चाहिए, लोकतंत्र बचाना चाहिए, सरकारें तो आती जाती रही हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण योजना से गांव-गांव में आज सड़कों का जाल बिछा हुआ है। वह अटलबिहारी की देन है। कार्यक्रम में ओमप्रकाश यादव सरपंच, डॉ रोशन साहू पूर्व जनपद सदस्य, दुर्गा साहू पूर्व सरपंच, पंचगण पोषण साहू, पोषण साहू, डोमिका यादव, चमेली विश्वकर्मा, भूपेंद्र साहू बूथ अध्यक्ष, दुर्योधन निषाद बूथ अध्यक्ष, डॉ भानु साहू, गांधी यादव, दिवाकर साहू, मनोज साहू, जीतू, रेखा साहू, जीवरखान यादव, बाबूलाल चंद्राकर, कृष्ण चंद्राकर उपस्थित थे।

### साहू समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**अंवरी।** तहसील साहू संघ भखारा के पदाधिकारियों ने 28 दिसम्बर रविवार को शपथ ली। जिला अध्यक्ष गणेशराम साहू ने नये पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिला अध्यक्ष गणेश साहू, उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, महिला उपाध्यक्ष निर्मला साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन का श्रीफल से स्वागत किया गया। मौके पर कामता साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ भखारा, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, सचिव भोलाराम साहू, घसियाराम साहू, सोमन साहू, झम्मन साहू, विष्णु साहू, दुर्गा साहू, चांदनी साहू, जितेन्द्र, हेमलता साहू बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

### स्व. बृजमोहन को दी गई सामूहिक जलांजलि





**मगरलोड।** श्री राम वन गमन मार्ग पर मधुबन धाम सैकड़ों महुआ वृक्षों के मध्य स्थित है। मधुबन धाम में श्रीराम महायज्ञ एवं मेला महोत्सव के प्रेरणा स्त्रोत बृजमोहन दास का 16 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया। इससे ग्राम रांकाडीह, खैरझिटी, हरदी, गिरौद, कुंडेल, सांकरा, भोथीडीही सहित आसपास के सैकड़ों भक्तों में शोक की लहर है। मधुबन धाम में स्थित साईं मंदिर की संचालिका सुलोचना साहू के मार्गदर्शन में 28 दिसंबर को सैकड़ों भक्तों के साथ खैरझिटी के नाले में स्व. बृजमोहन दास को सामूहिक जलांजलि दी गई।

## भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना करने लिया अवतार : लक्ष्मणाचार्य महाराज

- श्रद्धालुओं ने सुनी कंस वध और कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



ग्राम बगौद में श्रीमद् भावगत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह आयोजित है।

कथावाचक लक्ष्मणाचार्य महाराज विंध्याचल मिर्जापुर उत्तरप्रदेश ने 27 दिसंबर को कंस वध और रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई। बताया कि कंस वध के बाद श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी का अपहरण कर उनसे विवाह किया था। रुक्मिणी कृष्ण से प्रेम करती थी पर उनके भाई रुक्मी शिशुपाल से विवाह कराना चाहते थे, जिसके कारण कृष्ण ने रुक्मिणी को कंसमित्र रुक्मी के चंगुल से छुड़ाया और उनसे विवाह रचाया, जो धर्म और प्रेम की विजय का प्रतीक है। अत्याचारी शासक कंस मथुरा का दुष्ट और अहंकारी राजा था, जिसने अपने मामा उग्रसेन को बंदी बनाकर स्वयं सिंहासन हड़प लिया था। कंस को भविष्यवाणी थी कि उसकी बहन देवकी का आठवां पुत्र उसे मारेगा, इसलिए उसने देवकी और वसुदेव को कारागार में डाल दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस के अत्याचारों का अंत करने और धर्म की स्थापना करने के लिए अवतार लिया। श्रीकृष्ण ने कंस के सभी षड्यंत्रों को विफल करते हुए उसका वध किया और अपने माता-पिता को मुक्त कराया, जिससे मथुरा में धर्म की स्थापना हुई। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।


Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### पोड़ागांव में मड़ई 1 को

**नगरी।** ग्राम पोड़ागांव में ग्रामवासियों के सहयोग से 1 जनवरी को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्राम परसापानी का नाचा गम्मत होगा। तैयारी में ग्राम प्रमुख नत्थेराम सूर्याकर, सखाराम नाग, टीकाराम रावटे, गोकुल नेताम, प्रकाश सूर्यवंशी, देवदत्त सोम, राम यादव व ग्राम पटेल ओमप्रकाश नाग जुटे हैं। यह जानकारी हुलाससिंह सूर्याकर ने दी है।

### छिपली में शिवमहापुराण कथा 1 जनवरी से

**नगरी।** ग्राम छिपली में इस वर्ष भी 5 दिवसीय शिवमहापुराण कथा का



आयोजन 1 से 5 जनवरी किया जा रहा है। इस आयोजन का शुभारंभ 31 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। कथावाचक पं. नीलकमल शर्मा महाराज होंगे। कथा के दौरान संगीतमय प्रस्तुतियां पं टीकमदास वैष्णव, सूरज सूर्यवंशी, विशाल मरकाम, वामन साहू एवं शिवानंद विश्वकर्मा द्वारा दी जाएंगी।

### वीर बाल दिवस पर हुई निबंध, रंगोली प्रतियोगिता

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह महाराज के वीर पुत्र जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। उनके द्वारा धर्म रक्षा, त्याग बलिदान, देशभक्ति की भावना के लिए किए गए उनके बलिदान को याद किया गया। बच्चों में देशभक्ति एवं त्याग की भावना को विकसित करने के लिए यह वीर बाल दिवस को मनाया जाता है। इससे बच्चों में अपने देश वो धर्म के प्रति विश्वास की त्याग की भावना का विकास हो सके। बच्चों द्वारा निबंध, ड्राइंग, गीत, कविता, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। मौके पर संस्था प्रमुख एमआर मनहर, गुलशन साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मोदी की गारंटी लागू करने सहित कई मांगों को लेकर की नारेबाज़ी

# ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



मोदी की गारंटी लागू करने सहित अपनी 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनरतले धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने सरकार को जमकर कोसा। हड़ताल के चलते सभी शासकीय दफ्तरों में सन्नाटा नज़र आया। सिविल अस्पताल से लेकर नपा, राजस्व, पंचायत विभाग में लोगों को भटकते देखा गया।

फेडरेशन के बैनरतले इंडोर स्टेडियम के सामने तंबू लगाकर हड़ताल पर बैठे कर्मचारी नेताओं ने बताया कि केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लागू करने, एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएस खाते में समायोजित करने, सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान, लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने हेतु पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा लाभ दिलाने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण, सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान और नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन देने, अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सिलिंग में शिथिलीकरण करने, प्रदेश में कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने, दैनिक, अनियमित और संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बनाने, सभी विभागों में सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष करने आदि मांगों के समर्थन में सभी पदाधिकारी और कर्मचारी 29 से 31 दिसंबर को सामूहिक अवकाश लेकर ब्लॉक स्तर पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

इस अवसर पर संयोजक अशोक निर्मलकर, सचिव राजेश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष हुमन चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, देवेंद्र दादर, कुलेश्वर नाथ सिन्हा, देवेंद्र मंडावी, गजेंद्र साहू, लक्ष्मण सिंह नरेटी, दिनेश चंद्राकर, गोपाल साहू, जानेश्वरी बंजारे, मोहित ध्रुव, योगेंद्र चंद्राकर, मनीष वर्मा, मकसूदन पटेल, जनता पटेल, मनोज टंडन, डीपी देवांगन, अविनाश साहू, नोहर शांडिल्य, मूलचंद सिन्हा, वर्षा अग्रवाल, टी रात्रे, डीके साहू, पुष्पलता बैस, चैन साहू, मिथिलेश कंवर, महेंद्र साहू, गोदावरी ठाकुर, सुशीला ध्रुव, रेखा साहू, निर्मला साहू, लक्ष्मीनाथ, पालसिंग ध्रुव आदि उपस्थित थे।

# आज खेल मेला मैदान में होगा हिंदू सम्मेलन

- दीपक विस्फुते व पं. युवराज पांडे करेंगे मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में कार्यक्रम होगा। इसके तहत कुरूद में हिंदू सम्मेलन का आयोजन होना है। सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में 30 दिसंबर को खेल मेला मैदान कुरूद में दोपहर 1 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर श्रीराम मंदिर में विभिन्न हिन्दू संगठनों, समाजसेवियों और प्रबुद्ध नागरिकों की एक बैठक हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मुख्य वक्ता दीपक विस्फुते अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मुख्य अतिथि आचार्य पं युवराज पांडेय प्रख्यात कथावाचक एवं भागवताचार्य, विशिष्ट अतिथि खिलेश्वरी किरण साहू प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ धमतरी होंगे। सम्मेलन के संयोजक दक्षिणेन्द्र गिरी गोस्वामी ने बताया कि आयोजन में कुरूद मंडल अंतर्गत ग्राम चर्रा, चरमुड़िया, डांडेसरा, भालूझुला, कन्हारपुरी, भोथली, मेंडरका, कुहकुहा, भरदा और कुरूद नगरवासी शामिल होंगे। आयोजन समिति का गठन किया गया है। संयोजक दक्षिणेन्द्र गिरी गोस्वामी, सहसंयोजक हरिशंकर सोनवानी, सचिव खिलेंद्र चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नेमीचंद बैस, प्रचार प्रमुख मूलचंद सिन्हा बनाए गए। सदस्यों में कृष्णकांत साहू, रिखीराम साहू, रामकुमार साहू, बसंत सिन्हा, राजेश चैनवानी, मोहन सुखरामणी, महेंद्र गायकवाड़, रमेशर ध्रुव, महेश केला शामिल हैं।

# कांग्रेसजनों ने गांधी के विचारों और संविधान की रक्षा का लिया संकल्प

- विधायक कार्यालय में कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस नगर में हर्षोल्लास से मनाया गया। विधायक कार्यालय नगरी में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने पार्टी की गौरवशाली परंपरा, त्याग, बलिदान और संघर्षों को स्मरण करते हुए देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करने से हुई। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता के सिद्धांतों को आज के समय में और भी प्रासंगिक बताया।

वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को आज़ादी दिलाने से लेकर संविधान निर्माण, लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक न्याय और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। आज़ादी के आंदोलन से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक कांग्रेस की नीतियां और विचारधारा देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती रही हैं। आगे कहा कि वर्तमान में संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं और सामाजिक सौहार्द की रक्षा के लिए कांग्रेस की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। पार्टी की विचारधारा समावेशी विकास, समानता और भाईचारे पर आधारित है, जो हर वर्ग को साथ लेकर चलने का संदेश देती है। समारोह में विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि सचिन भंसाली, जिला उपाध्यक्ष भानेन्द्र ठाकुर, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, क्षमा साहू, पार्षद मिक्की गुप्ता, नरेश पटेल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक बंजारे, राकेश नेताम, विकास शांडिल्य, टेश्वर ध्रुव, टिकेश्वर ध्रुव, राजू कावड़े, तामेश्वरी साहू, अमन यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धमतरी में उठाईगिरी करने वाली महाराष्ट्र की तीन महिलाएं गिरफ्तार

- ई-रिक्शा सवार महिला से की थी 20 हजार की उठाईगिरी
- अंतर्राज्यीय महिला चोर गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ई-रिक्शा सवार महिला से 20 हजार रुपए की उठाईगिरी करने वाली महाराष्ट्र की तीन शातिर महिलाओं को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय मराठापारा निवासी सरिता त्रिपाठी पति अशोक उम्र 35 वर्ष बीते रविवार को गणेश चौक से ई- रिक्शा में सवार होकर मकान निर्माण कार्य में लगे मजदूरों का मजदूरी भुगतान करने कारगिल चौक जा रही थी। मजदूरों को देने बैग में 20 हजार रुपए रखी थी। इसी दौरान रामबाग के पास तीन महिलाएं ई-रिक्शा को रोककर उसमें सवार हो गई।

तीनों अज्ञात महिलाएं बिलाईमाता मंदिर के पास ई-रिक्शा से उतर गई। सरिता ई-रिक्शा से कारगिल चौक पहुंच गई। नीचे उतरकर चालक को किराया देने के लिए बैग में देखा तो उसमे रखे 20 हजार रुपए गायब थे। रास्ते में ई-रिक्शा में सवार होने वाली अज्ञात तीनों महिलाओं पर चोरी करने की आशंका पर सरिता ने सिटी कोतवाली में घटना की शिकायत की। पुलिस ने तत्काल अज्ञात महिलाओं के खिलाफ धारा 305/बी, 3/5 बीएनएस के तहत अपराध दर्जकर विवेचना शुरु कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार संदिग्ध महिलाओं की तलाश शुरु कर दी। जांच में जुटी पुलिस को बिलाईमाता मंदिर के पास तीन संदिग्ध महिलाएं घूमते हुए मिली। पुलिस ने तीनों को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। महिलाओं ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपिया प्रिया इंदुरकर पति भोला उम्र 40 वर्ष निवासी एमजी नगर थाना कन्हान जिला नागपुर महाराष्ट्र, रंजू सेंडे पति इनोद उम्र 50 वर्ष निवासी मुंडी कोटा जिला गोंदिया महाराष्ट्र व संगीता पाथरे पति विनोद उम्र 40 वर्ष सतरापुर नागपुर महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



### तीनों महिलाओं से 8650 रुपए जब्त किए

पुलिस के समक्ष आरोपिया प्रिया इंदुरकर ने 7 हजार रुपए में से खर्च के बाद 3650 रुपए पेश किया। रंजू सेंडे ने 6550 रुपए में से खर्च के बाद 2250 रुपए पेश किया। इसी तरह संगीता पाथरे ने 6550 में से खर्च के बाद 2250 रुपए पेश किया। पुलिस ने तीनों महिलाओं से कुल 8650 रुपए जब्त किए।

### आरोपी महिलाओं के खिलाफ कई मामले दर्ज

गिरफ्तार महिलाओं ने 13 जून 2025 को मदीना मस्जिद आनंद नगर से जयस्तंभ चौक के बीच इसी तरह ई-रिक्शा में यात्रा के दौरान पहले से सवार यात्री के बैग से नकदी रकम की चोरी की थी। रायपुर के गोलबाजार थाना में अपराध दर्ज किया गया था जिसमें मुख्य आरोपी प्रिया इंदुरकर थी। इस मामले में अनय महिलाओं की संलिप्तता पाई गई थी। आरोपिया रायपुर के गुढ़ियारी क्षेत्र में अस्थाई निवास कर घटनाओं को अंजाम देती थी। जांच में पाया गया कि आरोपिया ई-रिक्शा में सवार करने वाले यात्रियों को टारगेट करती थी।

# मुरूम, रेत का परिवहन करते तीन हाईवा जब्त



- खनिज चोरी पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 28 दिसंबर की रात्रि 11 बजे ग्राम कलारतराई में जिला खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा औचक जांच की गई।

जांच के दौरान खनिज मुरूम के अवैध परिवहन में संलिप्त 2 नग हाईवा वाहनों को मौके पर जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त एक अन्य हाईवा वाहन को अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिसे जप्त कर संबंधित प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त सभी प्रकरणों में संबंधित वाहनों एवं संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के अंतर्गत विधि सम्मत कार्रवाई प्रचलन में है।

# पूर्व जनपद सदस्य ने दिलाई 15 गार्डन चेयर की स्वीकृति



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिर्री में शिक्षा गुणवत्ता में बढ़ोतरी के साथ ही स्कूल में भौतिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सिर्री क्षेत्र के ग्राम फुसेरा निवासी पूर्व जनपद सदस्य डॉ. लोकेश साहू ने भी भरसक प्रयास कर कार्य की स्वीकृति दिलाई थी। हाईस्कूल सिर्री के परिसर में जनपद विकास निधि 2024- 25 के अंतर्गत जनपद सदस्य डॉ. लोकेश साहू ने राशि स्वीकृति कर 15 गार्डन चेयर उपलब्ध कराई। सरपंच देशांत सिन्हा की उपस्थिति में गार्डन चेयर स्कूल परिसर में लगाया गया। विदित हो कि पूर्व जनपद सदस्य डॉ. लोकेश साहू ने जनपद क्षेत्र के गांवों में विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाई थी। केवल सिर्री में



ही गड़भेड़ा बाबा मंदिर परिसर में गार्डन चेयर की स्वीकृति, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अतिरिक्त कक्ष, बागवानी, बड़े सोनई तालाब में पचरी निर्माण, सरस्वती शिशु मंदिर सिर्री में कंप्यूटर सहित प्रोजेक्टर सेट, नाली सफाई, पेयजल के लिए सिंटेक्स, सबमर्सिबल पंप की स्वीकृति के साथ ही धार्मिक स्थानों, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता के क्षेत्र में विकास कार्य करवाए।

# भगवान वामन ने राजा बलि के अहंकार को समाप्त कर धर्म की स्थापना की : योगेश वत्स



- खुरसेंगा में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

खुरसेंगा में 23 से 31 दिसम्बर तक मोनिका साहू की स्मृति में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक योगेश वत्स भागवत कथा का श्रवण करा रहे हैं।

कथावाचक ने 27 दिसम्बर को वामन अवतार और कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। भगवान विष्णु ने वामन रूप (बौने ब्राह्मण) में राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी थी और इस रूप में वे अदिति के गर्भ से उत्पन्न हुए थे। वही भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव है, जो भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है। विशेषकर भागवत कथा के दौरान वामन जयंती के दिन ही कृष्ण जन्मोत्सव का भी वर्णन और उत्सव होता है, जिससे दोनों अवतारों की लीलाओं का स्मरण किया जाता है। दोनों ही अवतार धर्म और सत्य की रक्षा के लिए हुए थे। वामन अवतार ने राजा बलि के अहंकार को समाप्त कर धर्म की स्थापना की और कृष्ण अवतार ने अधर्म का नाश किया। ये सभी अवतार भगवान विष्णु के ही हैं, जो भक्तों को धर्म पर दृढ़ रहने और ईश्वर के अस्तित्व का विश्वास दिलाते हैं।

# देश की रक्षा करने वाले जवान दधीचि की तरह महान हैं : साध्वी वर्षा

- पूर्णाहुति, महाप्रसादी के साथ आज होगा कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

देश की रक्षा करने वाले हमारे सैनिक ऋषि दधीचि की तरह ही महान हैं। दोनों का उद्देश्य निः स्वार्थ सेवा है। ऋषि ने देवताओं की भलाई के लिए और जवान देशवासियों की शांति व सुरक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देते हैं। उक्त बातें श्रीश्री 1008



महामंडलेश्वर साध्वी वर्षा नागर ने ग्राम सांकरा में आयोजित शिवमहापुराण कथा के छटवें दिन की कथा में बताई। उन्होंने शिव तत्व की महिमा बताते हुए कहा कि हमारा शरीर भी उसी शिव का अंश है। पंचतत्व से मिलकर बना शरीर जब नष्ट हो जाता है तो वह मिट्टी बन जाता है एवं जब उसी मिट्टी की हम शिवलिंग बनाते हैं तो उसे पार्थिव शिवलिंग कहते हैं। साध्वी वर्षा ने कथा के दौरान देश की रक्षा करने वाले सैनिकों और ऋषि दधीचि के बीच की महानता को कई स्तरों पर समान बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दधीचि ऋषि ने लोक कल्याण के लिए स्वेच्छा से अपने शरीर की अस्थियां दान कर दी थीं, उसी प्रकार देश के जवान भी राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने श्रोता समाज को अपनी संतान को गुणवान, संस्कारवान एवं मूल्यवान बनाने की प्रेरणा दी। कथा श्रवण करने अनेक शिवभक्त उपस्थित थे।

# कुरमातराई सोसाइटी में धान खरीदी की रफ्तार बेहद धीमी

- शेष दिनों में किसानों से 40 हजार क्विंटल धान खरीदना बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



कोर्रा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले धान खरीदी केंद्र कुरमातराई में इस वर्ष धान खरीदी की गति अत्यंत धीमी बनी हुई है। स्थिति यह है कि अब तक मात्र 16 हजार क्विंटल धान की खरीदी ही हो पाई है, जबकि शेष दिनों में किसानों का लगभग 40 हजार क्विंटल धान खरीदा जाना बाकी है। मौजूदा व्यवस्था और शासन के दिशा-निर्देशों को देखते हुए तय समय सीमा में पूरी खरीदी होना लगभग असंभव नजर आ रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक धान खरीदी केंद्र में प्रतिदिन अधिकतम 900 क्विंटल धान की ही खरीदी की जा रही है। इस सीमित क्षमता के चलते कुरमातराई केंद्र में लक्ष्य से काफी पीछे चल रहा है, जिससे किसानों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

इस संबंध में कुरमातराई धान खरीदी केंद्र के प्राधिकृत अधिकारी व्दिजराम सिन्हा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 1 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्रों में खरीदी की जानी है। निर्धारित सीमा के तहत कुरमातराई केंद्र में अब तक केवल 16 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो सकी है, जबकि शेष एक माह में 40 हजार क्विंटल धान की खरीदी कर पाना संभव नहीं है।

श्री सिन्हा ने आगे बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों से कई बार चर्चा की है। उन्होंने मांग की है कि या तो प्रतिदिन खरीदी की मात्रा बढ़ाई जाए या फिर खरीदी की अवधि को आगे बढ़ाया जाए, ताकि सभी किसान अपना धान बेच सकें। यदि समय रहते उचित निर्णय नहीं लिया गया तो बड़ी संख्या में किसानों का धान बिना बिके रह सकता है।

अमलीडीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आज समापन

# सुदामा ने गरीबी में भी भगवान का स्मरण नहीं छोड़ा : रेणुका

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम अमलीडीह में राधा रानी स्व सहायता समूह के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आज अंतिम दिवस है। यह धार्मिक आयोजन 20 दिसंबर से प्रारंभ होकर 28 दिसंबर तक चला। पूरे सप्ताह श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के बीच कथा का रसपान कराया गया। व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचिका सुश्री रेणुका गोस्वामी ने अपनी सुमधुर वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का भावपूर्ण वर्णन कर भक्तों को भावविभोर कर दिया।



27 दिसंबर को सुदामा चरित्र का सुंदर और मार्मिक वर्णन किया गया। कथा में बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा संदीपनी मुनि के आश्रम में सहपाठी थे। विद्या अध्ययन पूर्ण होने के बाद भगवान श्रीकृष्ण द्वारका के राजा बने, जबकि सुदामा ने गृहस्थ जीवन अपनाया और अत्यंत गरीबी में भी भगवान का स्मरण नहीं छोड़ा। पत्नी सुशीला के आग्रह पर तीन मुट्ठी चावल लेकर द्वारका पहुंचे सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण के मिलन का



प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा को राजपाठ प्रदान कर उनकी दरिद्रता दूर की।

सुश्री रेणुका गोस्वामी ने बताया कि वे 14 वर्ष की आयु से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण-पान करा रही हैं और उनके पिताजी उनके सबसे बड़े गुरु रहे हैं। अब तक वे 80 से अधिक भागवत कथाओं का वाचन कर चुकी हैं। अंतिम दिवस गीता उपदेश का प्रसंग हुआ, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म, धर्म, भक्ति और आत्मा की अमरता का संदेश दिया। इस आयोजन में पं. सुनील तिवारी, श्रीजगदीश्वर महाराज, मदन शर्मा, यशवंत शुक्ला , सुरेश साहू, जितेंद्र साहू, निराशा, हेमा साहू, खिलेश्वरी साहू, नीतू साहू, गामिनी साहू, प्रेमचंद, केसरी, प्रीतम, खिलेश्वरी, रुक्मणि सहित गांव विकास समिति के सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बांसकूप जंगल में छात्रा की मिली लाश

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 2 से चारगांव जाने वाले मार्ग पर स्थित बांसकूप जंगल क्षेत्र में एक छात्रा की फांसी पर लटकी हुई लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत इसकी जानकारी नगरी थाना पुलिस को दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम लगभग 6 बजे जंगल के भीतर एक पेड़ से लटकी हुई युवती की लाश देखी गई। घटनास्थल के समीप एक साइकिल और बैग भी बरामद किया गया है। मृतिका की पहचान प्रारंभिक तौर पर चारगांव निवासी छात्रा संतोषी नेताम पिता सुरेश नेताम के रूप में की जा रही है। सूचना मिलते ही नगरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक पंचनामा कार्रवाई शुरू की। पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर हर पहलू से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### स्नातकोत्तर सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

**धमतरी।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा दिसम्बर-जनवरी 2025-26 में आयोजित होने वाली विश्वविद्यालयीन स्नातकोत्तर सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारणी घोषित कर दी गई है। एमए, एमएससी एवं एमकॉम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 दिसंबर से प्रारंभ होकर 27 जनवरी 2026 तक चलेंगी, जबकि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 2 से 23 जनवरी 2026 तक आयोजित होंगी। एलएलबी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित, भूतपूर्व, एटीकेटी) की परीक्षाएं विभिन्न तिथियों में 2 से 27 जनवरी 2026 तक होंगी। एमएससी आईटी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 10 जनवरी तक तथा द्वितीय सेमेस्टर एटीकेटी की परीक्षाएं 13 से 17 जनवरी तक होंगी। पीजीडीसीए, डीसीए एवं बीबीए सेमेस्टर की परीक्षाएं भी जनवरी माह में निर्धारित की गई हैं।सभी परीक्षाएं प्रातः 8 से 11 बजे तक होंगी। परीक्षा केंद्र क्रमांक 401 बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र सहित उपस्थित होने एवं विस्तृत जानकारी हेतु महाविद्यालय के सूचना पटल का अवलोकन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### फास्ट फूड के साथ केक बेकरी प्रशिक्षण 2 जनवरी से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) धमतरी द्वारा फास्ट फूड सह केक बेकरी प्रशिक्षण का शुभारंभ 2 जनवरी से किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) द्वारा प्रायोजित है, जिसमें ग्रामीण महिला एवं पुरुषों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्वरोजगार का महत्व, इसके लाभ, तथा उद्यमिता विकास से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही खाद्य निर्माण के अंतर्गत भेलपुरी, दहीपुरी, सेवपुरी, इनके लिए आवश्यक पानी, मसाला पाउडर, बाट निर्माण की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी दी जाएगी।

### रामकथा के सातवें दिन केंवट प्रसंग ने श्रोताओं को भाव-विभोर किया

# सेवा, प्रेम और समर्पण से ही मानव जीवन होता है सार्थक : पं. अतुलकृष्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रामकथा के सातवें दिन कथावाचक पं. अतुल कृष्ण महाराज ने कहा कि केवट प्रसंग भक्ति, विश्वास, सेवा और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण है। प्रभु श्रीराम की दृष्टि में न कोई छोटा है, न बड़ा। वे केवल भक्त के हृदय के भाव को देखते हैं।

कथा के दौरान पं. अतुल कृष्ण महाराज ने बताया कि वनवास काल में जब प्रभु श्रीराम माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ गंगा तट पर पहुंचे, तब केवट को गंगा पार कराने के लिए बुलाया गया। साधारण नाविक केवट ने प्रभु के चरणों की महिमा को जानकर पहले उनके चरण धोने की विनम्र अनुमति मांगी। केवट का यह निश्चल भाव सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो गए और कई श्रद्धालु अपने आंसू नहीं रोक पाए। केवट द्वारा प्रभु के चरण पखारकर चरणामृत को मस्तक पर धारण करना सच्ची भक्ति और सेवा का प्रतीक बताया गया। कथा में यह संदेश दिया गया कि सच्चा भक्त प्रभु से कभी कुछ नहीं मांगता, बल्कि सेवा को ही अपना सौभाग्य मानता है। गंगा पार कराने के पश्चात प्रभु द्वारा कुछ देने की इच्छा पर केवट का यह कहना कि प्रभु, आपकी सेवा का अवसर ही मेरे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है, श्रोताओं के हृदय को स्पर्श कर गया। महाराज जी ने आगे कहा कि आज जब समाज भेदभाव और स्वार्थ से ग्रस्त है, तब केवट प्रसंग हमें समरसता, मानवता और निःस्वार्थ सेवा का मार्ग दिखाता है। यदि हम केवट जैसी निष्कपट भक्ति और प्रभु श्रीराम जैसी करुणा को अपने जीवन में उतार लें, तो मानव जीवन स्वतः ही सार्थक हो जाएगा।

कथा श्रवण के बाद आयोजक पं. राजेश शर्मा ने कहा कि समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है, अब हमारा कर्तव्य है कि हम भी समाज को कुछ लौटाएं। शहर और समाज को अपना परिवार मानकर सेवा भाव से कार्य करना ही इस कथा का सार है, जिसे वे और उनका परिवार सदैव तन, मन और धन से निभाते रहेंगे।

मौके पर गोपाल शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, राजेश शर्मा, प्रतापराव कृदत, जानकी वल्लभ जी महाराज, श्याम अग्रवाल, दिलीप राज सोनी, राजेंद्र शर्मा, योगेश गांधी, डॉ. प्रभात गुप्ता, डॉ एनपी. गुप्ता, डॉ. जेएल देवांगन, अर्जुन पुरी गोस्वामी, दयाराम साहू, विजय सोनी, अशोक पवार, बीथिका विश्वास, शशि पवार, कविंद्र जैन, गोलू शर्मा, प्रकाश शर्मा, विकास शर्मा, नरेश जसूजा, नरेंद्र जायसवाल, कुलेश सोनी, पिन्टू यादव, राजेंद्र गोलछा, महेंद्र खंडेलवाल, दीप शर्मा, देवेंद्र मिश्रा, डेनिस चंद्राकर, ज्ञानिक रामटेके, हरख जैन, विजय शर्मा, बिट्टू शर्मा, खूबलाल ध्रुव, संजय तंम्बोली, प्रदीप शर्मा, मालकराम साहू , मनीष मिश्रा, सूरज शर्मा, लक्की डागा, योगेश रायचुरा, माधवराव पवार, राजेंद्र श्रोती, अरुण चौधरी, रंजीत छाबड़ा, भरत सोनी, अखिलेश सोनकर, संजय देवांगन, धनीराम सोनकर, गजेंद्र कंवर, ईश्वर सोनकर, पप्पू सोनी, शत्रुधन पांडे, हेमंत बंजारे, नीलमणि पावरिया, ज्योति जैन, हेमलता शर्मा, खिलेश्वरी किरण, चित्रलेखा निर्मलकर, श्यामा साहू, नीतू शर्मा, चंद्रकला पटेल, रूक्मणि सोनकर, सरिता यादव, दमयंती, गजेंद्र, गायत्री सोनी, गीता शर्मा, ममता सिन्हा, ईश्वरी पटवा, मोनिका देवांगन, बरखा शर्मा, ललिता नाडेम, अंजू लिखी, हर्षा महेश्वरी, सुमन ठाकुर, डॉली सोनी, भारती साहू, हिमानी साहू, आशा लोधी, प्रभा मिश्रा, भारती खंडेलवाल, अनिता सोनकर उपस्थित थे।

### राधाकिशोरी के सुमधुर भजनों पर झूमे भक्त







रामकथा स्थल गौशाला मैदान में खाटू श्याम बाबा का भव्य दिव्य दरबार सजाया गया, जहां शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। ब्रज से पधारी प्रसिद्ध भजन गायिका राधाकिशोरी ने जैसे ही अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति शुरू की, पूरा पंडाल भक्ति रस में सराबोर हो गया। भक्त भजनों पर झूमते-नाचते नजर आए और यह भक्तिमय माहौल अर्धरात्रि तक बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत राधाकिशोरी द्वारा श्री श्याम के सम्मान में प्रस्तुत भजन एक बार हमसे सांवरे नजर तो मिलाइए से हुई, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। इसके बाद करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है और श्याम चूड़ी बेचने वाला आया जैसे लोकप्रिय भजनों ने समां बांध दिया। कड़ाके की ठंड भी भक्ति के उत्साह के आगे फीकी पड़ गई। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं पर आधारित जीवंत झांकियों ने भी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।आयोजन के दौरान अपने संबोधन में आयोजक पं. राजेश शर्मा ने कहा कि जीवन में यदि कोई सत्य है तो वह भगवान का भजन और भक्ति है। पद, पैसा और प्रतिष्ठा क्षणभंगुर हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से मोह-माया से दूर रहकर खाटू श्याम बाबा के चरणों में मन लगाने का आह्वान किया। उनके इस संदेश ने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया और अनेक भक्त भावुक हो उठे।

# सोंढूर में महाशिवरात्रि पर 40 फीट ऊंची भगवान शिव प्रतिमा की होगी प्राण-प्रतिष्ठा

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 21 निर्धन जोड़ों का सामूहिक विवाह भी होगा



**नगरी।** जिले के नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम सोंढूर (मेचका) में धर्म, सेवा और सामाजिक समर्पण का अनुपम संगम देखने को मिलेगा। महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर यहां 40 फीट ऊंची भव्य भगवान शिव की प्रतिमा की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा के साथ 21 निर्धन एवं जरूरतमंद जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण बनेगा। जैसे ही भगवान शिव की प्राण-प्रतिष्ठा होगी, संपूर्ण क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठेगा। 40 फीट ऊंची यह विशाल शिव प्रतिमा न केवल आस्था का केंद्र बनेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी सिद्ध होगी। साथ ही आयोजित सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक समरसता और मानवीय सेवा की मिसाल पेश करेगा। आर्थिक अभाव के कारण विवाह करने में असमर्थ 21 जोड़ों को इस आयोजन के माध्यम से नया जीवन मिलेगा। सभी नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी से संबंधित आवश्यक सामग्री भेंट की जाएगी, जिससे उनके दांपत्य जीवन की सुखद शुरुआत हो सके। महेश फाउंडेशन के संस्थापक हितेश महेश सिन्हा ने बताया कि 24 फरवरी को सांकरा गेंदसिंह नायक चौक से शंकर चौक तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद सोंढूर में तमिलनाडु से पधारे विद्वान पुरोहितों द्वारा तीन दिवसीय वेदी पूजन किया जाएगा तथा 28 फरवरी को विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी। इस अवसर पर बाबा बागेश्वर धाम, कालीचरण महाराज, बालक दास महाराज सहित अनेक प्रतिष्ठित संतों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी।
















